माता–पिता उन लड़यिकों से शादी करना चाहते है। जिनके मां बाप अमीर है और जो गीरब मां बाप की अच्छी और हर लिहाज से योग्य लड़यिकों है उनके साथ कोई भी योग्य लड़का शादी करवाने के लिए तैयान नही होताहै। इस प्रकार गरीब लड़कियेां को असंगत विवाहों का शिकार होकर दु:ख उठाना पड़ता है। इस बुराई को दूर करने के लिए यह जरूर ीहै कि इस कानून को न रखा जाए और समाज में इसकी वजअ से जो महिलाओं की त्रस मिल रहा है उसको कम किया जाए। यहां पर कहा गयाहै कि अगर पति मर जाए तो उसकी पत्नी का क्या होगा? मै कहती हूं कि अगर दुर्भाग्य से किसी औरत का पति मर जाता है तो उसे अपने पति की जायदाद से हिस्सा लेना चाहिए न कि अपने भाईयों की जमीन से । जब तक पति पत्नी सांझे रहते है तब तक बांटने का प्रश्न पैदा नही होता। इस कानून ने बजाए लड़कियों के जीवन को सुखी बनाने के उल्टा दुखी बनाया है इसलिए मै चाहती हूं कि इस कानून को हआ दिया जाए ओर इस रैजोल्यूशन को पास कर दिया जाए।

श्री दया कृष्णः डिप्टी स्पीकर साहिबा जो रैजोल्यूशन आज इस हाउस के सामने आया है और जिस फॉर्म में अया है यह नाकस है और अगर इसी रूप में इसकों पास कया गया तो इस से तमाम हाउस का मजाक उड़ेगा। इसकी जो वर्डिग है वह यह है:

"to amend the Hindi Succession Act, 1956 enabling a daughter to inherit in her husband's or father-in-law's property instead of claiming a share in the property of her parents"

पहला पैरा तो एनेबिलिग है कि लड़की जो है उसको फादर–इन–लां की प्रापर्टी से हिस्सा मिलना चाहिए। यह कानून तो इस वक्त भी मौजूद है, इसलिए इसका कोई फायदा नंही। यह जो उसक आखरी फिकरा रहेगा तो इसमें कई हालतों में उसकों हक मिलता है। इससे पहले भी अगर उसका भाई नहीं होता तो उसे हक मिलता था। इसमें लिखा है किः–

"...instead of claiming a share in the property of her parents."

अगर यह फिकरा रह जाए तो उस लड़की को भी हक नही मिलता जिसका कोई भाई नही हैं मेरे कहने का मतलब यह है कि इस प्रस्ताव मे ंकई ऐसे फला है जिनकों दूर करना चाहिए और उसके बाद इसे पास करना चाहिए। अब जिस स्पिरिट के तहत यह प्रस्ताव पेश किया गया है उसे बारे में मै कुछ कहना चाहता हूं। इस ऐक्ट के पास होने से पहले हरियाणा में दो किस्त के कानून थे। एक जरायती पेशा वालों क लिये थेा ओर दूसरा गैर–जरायती पेशा वाले हिन्दु ला से। पहले केस में जब कोई मरता था तो लड़की को कोई हक नही मिलता था। लेकिन अब 1956 से बाद

जब से यह ऐक्ट बना है जब कोई मरता है तो दोनों सूरतों में लड़के और लड़की दोनों को हम मिलता है। यह हक मेरे ख्याल में इसलिए दिया गया है कि लड़की का दर्जा और स्टेटस समाज में लड़के के बराबर दिया जाए (इस समय श्री अध्यक्ष ने कुर्सी ग्रहण की) जैसा कि बाकी दुनियां में और दूसरे मजहबों मे है। उनमें लड़की को लड़के को लड़के के साथ बराबर हक दिया मुताबिक, जो हमेशा से कायम रही है। आपस मे प्रेम से रहने का जो तरीका है वह यही मांग करता है कि इस कानून में तरमीम आनी चाहिए। खासतौर जब से यह ऐकट वजूद में आया है, जिसे तकरीबन बारह साल हो चुकी है, उसी वक्त से किसानों के अन्दरर काफी परेशानी और बेचैनी पाई जाती है। वे इस बात को मानने के लिए हरगिज तैयार नही है कि लड़की अपने ही घर में बहू बनकर रहे। इसका काफी एतराज है और जब हम लोग बहर जाते है, इलैक्शन के दिनों में भी फिरे है और वैसे भी जब कभी मौका मिलता है तो इधर उधर आते जाते ही है, तो देखने को मिलता है कि हरियाणा का किसान इस चीज को बहुत बरा समझता है। तो मै समझता हूं कि ऐसे ऐक्ट को, जो लोगों में बेचैनी का कारण बना हुआ है। और हिन्दू तहजीब के विरूद्ध हो, वजूद में रखने से कोई फायदा नही है। वैसे भी इस ऐक्ट को बनाते समय लोगों के जजबात को ध्यान में रखने की कोशिश नही की गई है। इसलिए मै पुरजोर अलफाज में कहना चाहता हूं कि हिन्दू सकसैशन ऐक्ट का वर्तमान शक्ल में लागू रहना ठीक नही है। यह बात तो ठीक है कि जिस लडत्रकी के भाई न हो,

बाप के मरने के बाद सारी जायदाद उस लड़की को मिलनी चाहिए ताकि दूसरे लोग उसे फजूल ही हडप न कर जाए। इसके अलावाा इस बात के भी मै हम में हू कि यदि कोई लड़की शादी न करा करके अपने भाई और बाप के साथ ही रहती है तो उसे भी बाप की जायदाद में से हिस्सा मिल जाना चाहिए। लेकिन इस ऐक्ट के तहत जब लड़कियों को हिस्सा मिला भाईयों को नाराजगी हुई और बहुत से झगड़े और हा रहे है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिन लोगों ने यहां कहा कि कोई झगड़े नही होते, उन्होने यह बिल्कुल गलत कहा है। गांव के अन्दर आज बहुत से झगड़े ओर लड़ाइया इन्ही कारणो से होती है। लड़किया ंकई बार तो अपनी जायदाद को ऐसे आदमियों को बेचकर जाती है जो उनके भाई और बाप के कट्टर दुश्मन रहे हो, जा उनके खानदान को मिटाने का हमेशा इरादा रखते हो। इन हालात में डिप्टी स्पीकर साहिबाा, आप अन्दाजा लगा सकती है कि क्या कुछ घटनाएं घटती होगी।

यह सीधी सी बात है कि हमारी हिन्दू तहजीब के खिलाफ है। इस बिल को खत्म करना चाहिए जो इनमैं कुछ बातें रखी गयी है उनमें कुंवारी लड़की वाली बात कुछ ठीक समझ में आ सकती है। उसको हम मिलना चाहिए या जो अपने बाप की इकलौती बेटी हो उसकों हक मिलना चाहिए बाकी हिन्दू तहजीब के मुताबिक हमें यह सोचना है ओर देखना है कि जो हमारी बहिने है, लड़कियां है उनको ंहमेशा इज्जत देनी है और आज तक हम इज्जत देते रहे है, हमेशा उनकों एहतराम की निगाह से देखते

रहे ळै। बाप बड़ी शानोशौकत से लड़की कीशादी करत है, उसे पर काफी पैसा खर्च करता है ओर भात दिया जाता है, छूछक दिया जाता है। मेरे कहने का मतलब यह है कि हिन्दू तहजीब में उनको बडी एहतराम की निगाह से देखा जाता हैलेकिन जब इस बटवारे से जमीनें तकसीम हो जायेगी, उन किसानों के पास थोड़ी जमीनें रह जायेगी, इससे ता उनको काफी फर्क पड़ेगा।

हमारे यहां गावों में अलग अलग गोत होते है। इऐसी खांपे भी होती है उनमें गावों के गांव एक ही गोत के होते है यानी चालीस चालीस गांव एक ही गोत के होते है वे एक ही दादा की औलाद होता है। उनका एक ही तरह का रहना सहना होता है। अगर यह जमीन की तकसीम का सिलसिल बन जात है ओर दूसरे लोग वाहं आ जो है, उनका वहां न गोत मिलेगा, न बात मिलेगी और लड़की को वहां रहने में शर्म भी आयेगी। अब जा लड़की वहां रहेगी वह वाहे की बहू बन कर कैसे रहेगी, क्योंकि वह तो उस गांव की लड़की है। इसलिए हरियाणा का बहुत बड़ा तबका इस ऐक्ट से नाराज है। मै कहता हूं कि जहां पर इस ऐक्ट का बनाकर और इतने रोज तक लागू रखा है अेर चालू रखा है आज इसकों खत्म करने की बड़ी जरूरत है। और खत्म करने से ही यह नाराजगी औ परेशानी खत्म हो सकतीहै। वैसे तो यह ठीक है इस ऐक्ट में वसीय का सिलसिला भी भा। मै सब–रजिस्ट्रार रहा हूं तौ मैने तो लोगों को बताने की कोशिश की कि बेशक कानून बन गया है, ऐक्ट मौजूद है लेकिन फिर भी बाप अपनी

जयदाद का हिस्सा नही देना चाहतातो इसके लिए वसीयत करा दे उस वक्त इसकी फीस 21 रूपये लगती थी।अब कुछ बढ़ा दी गयी हैं तो उसमें बाप वसीयत करा दे तो लड़की को कोई अधिकार नही रहता। वह लड़की की शादी करेगा ओर उसे लिए सब कुछ प्रबन्ध करेगा और जा हमारे रिवाज है उनको करेगा लेकिन लड़की उस जायदाद में हिस्सेदार नही बननी चाहिए।

बात बड़ी सीधी है मगर फिर भी लोग उलझन मे पड़े रहते है, अनपढ इलाका है, बहुत लोग समझते नही है लेकिन लोगों को यह कहना कि यह कानून जा बनाया है किसानों को नुक्सान पहुंचाने के लिए, जमीन किसानों की तक्सीम करने के लिए और उनको ंकमजोर करने के लिए बनाया गया है। यह सारी बातें गलत है। कांग्रेस ने एसा नही किया कि कांग्रेस को ही इसमें नुक्सान पहुंचा है। यह एक धार्मिक मामला है। इसमे ंमै समझता हूं ज्यादा दखल अन्दाजी करने की जरूरत नही है। इसलिए मै ज्यादा तफसील में न जाता हुआ यही कहूंगा कि यह जो ऐक्ट है इसके अन्दर तरमीम होनी चाहिये ओर उसी तरीके स`होनी चाहिए जिस तरीके से पहले इस ऐक्ट क लागू होने से पहले थी जो हमारी लड़कियों के जा रस्म रिवाज है जो पहले कानून थे हमारी संस्कृति मे उसे मुताबिक होनी चाहिए।

मेजर अमीर सिंह (बाढड़ा): डिप्टी स्पीर साहिबा, मुझे इस हिन्दू विरासत एक्ट की बहस मे कई दफा हिस्सा लने का मौका मिला है और हमेशा खोदा पहाड़ निकली चूहिया वाली बात होतीह हे। रैजोल्यूशन पेश होता है और उसे बाद देखा गया है कि या तो ट्रेजरी बैचिज की तरफ से उसकां कनक्लूड नही होने देते या और दूसरी अड़चने पैदा कर देते है या एशोरेस के साथ विदड्रा करवा दिया जाता है, गोया पास नही होने देते! मै य हरैजोल्यूशन निहायत जरूरी समझता हूं और श्री रूपलाल मेहता जी को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होने इसे हाउस के सामने लाने का यत्न किया लेकिन पास आज भी नही होगा यह मेरा डर सच्चा निकलेगा। इस बिल ने हरियाणा को जितना नुक्सान मुमकिन हो सकता था उतना नुक्सान पहुंचाया है ओर अगर यह बिल इसी तरह से लागू रहा ा हमारी गांवों वालां की समाज का ढांचा बिल्कुल खराब हो जायेगा। अगर शहर के आदमी कोई इससे प्रोवाइजो रखना चाहते है तो रख ले मुझे एतराज नही लैकिन गांवों में तो अमूमन एक ही गोत के आदमी एक गांव में होते है है, वहा इससे गड़बड़ हो गयी है, अगर एक दामातद गांवों मै रहता है तो उस गांव का सामाजिक ढांचा ही बिगड़ जाता है। मै इस बात के हक में हूं कि लड़की को जायदाद में राईट मिलना चाहिये लेकिन जब लड़की के ससुर की जायदाद में से उसे हम मिल जाए ता फिर बाप की जायदाद मे से क्यों मिले।

इसलिए मै इस प्रस्ताव को समर्थन करता हूं और ट्रैजरी बैचिज आज इसकों प्रोलोग नही हाने दे। दूसरे बहन ओम प्रभा जी बैठी है वे इसकी मुखलिफत करेंगे। उनका नजरिया दूसरा है वह शहरों के लिए प्रोवीजो रखवा लें लेकिन कम से कम गांवों वालों न मारे। इस काल बिल में यह भी दर्ज है कि अगर एक बाप के तीन लड़के है ओर उनमे ंसे एक लड़का मर जाता है बाप की हयात में तो उसे लडत्रके की औलाद की बाप की मौत के बाद जायदाद मे ंकोई हिस्सा नही मिलेगा। यह हमारे समाज के रिवाज के बहुत खिलाफ बात है। इसलिए भी इस कानून से छुटकारा हासिल करना बहुत जरूरी है। अगर इस कानून को बदला नही गयातो हरियाणा खुशहाल नही हो सकता। आगे के लिए यह गैर–जरूरी जमीन का बंटवारा बन्द होना चाहिए ओर इस प्रस्ताव का पास होना निहायत जरूरी है। कुद भाईयां ने तरमीमों के जरिये सुझाव दिय थे मुझ उनके अडौप्ट किए जाने में कोई एतराज नही है अगर ऐसा करने में कोई कानूनी अड़चन न हो तो यह इसी सैशन में पास हो जाना चाहिए चाहे हमें एक दिन फालतू इसक लिए बैठना पड़े। इसलिए अपनी ट्रैजरी बैचिज वाले भाई इसे पास करवाने के लिए अपनी सरकार पर दबाव डालें इस बिल के पास हो जाने से हरियाणा की बड़ी भरी सेवा होगी।

श्री राम सरन चन्द मित्तल (नारनौल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदया, यह जो प्रस्ताव पेश किया गयाहै हमारे मित्र श्री

रूपलाल मेहता की ओर से जहां तक यह मौजूदा शक्ल में है, मुझ क्षमा करेंगे अगर में कहूं कि यह डिफैकटिव है । इसका मतबल तो यह हुआ है कि लड़की किसी हालत में अपना हिस्सा नही ले सकती क्योंकि इसमे लिखा है:

"enabling a daughter to inherit inhere husband's or father-in-law's property instead of claming a share in the property of her parents.

इन्होने प्रिसपोज कर लिया कि लड़की शादीशुदा भी होगी, उसका पति भी होगा और उसके ससुर की जायदाद भी जरूर होगी जिसमें से वह हिस्सा ले सकेगी। मै समझता हूं कि उनके दिमाग में यह बात है कि भाईयों की मौजूदगी में लड़की को हिस्सा नही मिलना चाहिए। मै बताना चाहता हूं कि लड़की को हिस्सा तो ओरिजनल हिन्दू ला में भी मिलता ाि। इस कानून के अनुसार ज्वायंट फैमली का अलग स्थान है। जहां तक सैल्फ एक्वायर्ड प्रापर्टी का ताल्लुक है उसमें लड़का, लडके का लड़का ओर फिर उसके लड़के का हक होता था। अगर यह न हो तो उसकी अपनी बेवा और उसके बाद उसकी लड़की हो हक होता था। लड़की को पहले भी जायदाद मिलती थी लेकिन वह उस हालत में जबकि उस का भाई, भतीज या उसका लड़का नहो। जिस शक्ल मे ंयह प्रस्ताव आया है अगर इसको इसी फार्म मे ंपास कर दिया जाए तो उसका मतलब यह होगा कि लड़की को किसी हालत में जायदाद नही मिल सकेगी। मेरे ख्याल में मूवर की यह मंशा नही है। सवाल यह ै कि भाई की मौजदूगी में बहिन को

हिस्सा मिलना चाहिए या नही। मै समझता हूं कि इस सिलसिले में दोनों साईड्ज से काफी दिक्कते है। इस मामले पर कई दोस्तों से बहस ओर विचार हुआ है। अगर एक आदमी के दो लडत्रके ओर दो लड़किया है जिन में एक शादीशुदा है ओर दूसरी कुंवारी ओर वह आदमी मर जाता है तो उस वक्त दो लडक्रकों और एक कुंवारी लडकी के हिस्सों के बारें में क्या पोजीशन होगी। क्या लड़की को हिस्सा बिल्कुल न दिया जाये। मान लिया जाये कि वह शादी नही करवाती और कुंवारी रहना चाहती है। ऐसी कई मिसाले आज तक मौजूद है, अगर उसकों अपने पिता की जायदार में हिस्सेदार नही बनाया जाता और उसकों अपने भाईयों के रहम कपर छोड़ दिया जाता है, चाहे वह उसको रोटी व कपड़ा दे या न दें तो मेरे ख्याल मे ऐसा ठीक नही होगा लेकिन अगर उसको हिस्सा दे दिया जाता है ओर व हएक साल के बाद शादी करवानाचाहती है तो कैसी अकवर्ड पोजीशन बन जायेगी। भाई या तो यह कहेगा कि शादी करवानी है तेा जो हिस्सा उसने लिया था वापिस कर दें या शादी न करवाये। दोनो सूरत में आक्वर्ड पोजीशन बन जाती है। ओर बड़े निर्दयता का व्यवहार हो जाता है हमारी पुरानी संस्कृति ठीक है उसमे महिलाओं की बड़ी इज्जत की जाती हैं हमारे शास्त्रों में भी लिखा है कि जहां महिला न हो वहां देवता वास नही करते और यहां महिला है वहा देवता लोग भी वास रकते है हमारे इतिहास मे आज भी उन महिलाओं का नाम आता है जिनके आगे सिर झुकता है महारानी अहिल्या बाई होलकर कितनी पवित्र आत्म थी। उस वक्त के मुस्लिम हिस्टोरियंज

ने भी उनके चरित्र की प्रंशसा की। रानी लक्ष्मीबाई आफ झांसी भी कितने ऊंचे आदर्श की महिला थी। ऐसी और भी कई महिलाई है जिन के नम पर सिर झुकता है। अगर आजकल के लिपस्टिक की सभ्यता के जमाने में सिर्फ उनको इज्जत के नाम पर और उनको जायदाद में हिस्सा न देकर संतुश्ट करना चाहें तो यह मुश्किल सा होगा। चाहे हम इसको वेस्टर्न सभ्यता कहे या कुछ और मगर हर कोई महिला इकनामि इंडिपेंडेस चाहती है। अब वापिस जाना मुश्किल होगा। तुलसीदार जी की रामायाण मे ंतो यह भी जिक्र है–

''ताड़न के अधिकारी'' (विघ्न)

मै इस को यही छोड़ता हूं ओर पूरा नही कता। जब मै कालिज में पढ़ा करता था तो मैने देखा कि इलाहबाद में लड़कियों ने रामायाण के उस पेज को ही फाड़ दिया जिसमें यह चौपाई थी बड़ी रिजैटमेंट हुई।फिर स्व० महात्मा गांधी ने भी टीका टिप्पणी की थी और ऐक्सप्लेन किया था अगर उनकी टिप्पणी का भी यह अर्थ नही था कि स्त्रियों को उनके हु से महरूम रखा जाये अब जमाना बदल गया है। पूजा पाठ का जमानाचलागया है ओ लिप्सिट वगैरह का जमाना आ गया है। अगर हम पुराने जमाने मे ंरहते ते इतनी बहनें सदन मैं न होती मेरे सामने दाएं बाएं सारी बहनें है ''केननअ राइट, केनन टू लैफ्ट, केनन इन फ्रन्ट ओर कैनन बैक में देखने में नजर नही आती। अगर आज कल जमाने मैं महिलओं को सिर्फ इज्जत के नाम पर सतुष्ट रखे ओर उन्हें

जायदाद में हिस्सा न दै ो चल नही सकतेक्योंकि हरेक महिला को इकोनोमिक इन्डिपेन्डैंस चाहिए। जितने मेरे भाई बोले है उन्होने विलेज की इकोनोमी में लड़कियों को जाता है। अब हम ने यह देखना चहै कि कानून क्या हमें हरियाणा मे ंसूट करता है या नही। पीछे हमारे यहां दो बार चुनाव हो चुके है ओर उनके दौरान मुझे काफी घूमने का मौका मिला है। और मै ने इस बारें में देहाती शहरी और मर्द औरत से तबादला ख्यालात किया है। सब लोगों ने यही ख्याल जाहिर किया है कि भाई के साथ बहन को बराबर का जायदाद में हम देने का कोई फायदा नही पहुंचा है। इससे उनके रिश्तों में कशीदगी बढ़ी है, मुकदमें बाजी बढी है इसलिए भाई के साथबहनको हम नही मिलना चाहिए। पहले मै भी इस हक का था कि बहन हो भी हक मिलन चाहिए लेकिन जब मैने प्रैक्टीकली इस चीज को देखा है तो मुझ अपनी राये बदलनी पड़ी है क्योंकि इस कानून ` साथ हमारे लोग रिकनसाइल नही सकें और जब तक जनता किसी कानून के साथ रिकनाइसाइल न करें तातक यह कानून जनता पर ठोंसा नही जाना चाहिए। इसलिए मै समझता हूं कि इसें तरमीम होना जरूरी है क्योंकि इस कानून से हमारे प्रांत में बैचैनी है इस प्रस्ताव मे लिखा है कि लड़की को हक न मिले लेकिन आप देखेंगे कि न सिर्फ लड़की को बल्कि लड़की के लड़कों को भी कानून मे ंहक मिला हुआ है उस हक के बारें में इस प्रस्ताव मे ंकोइ गात नही है जिसका मतलब है कि इस प्रस्ताव की रूह से लड़की को भी हक नही मिलेगा मगर उसे लडत्रके को मिल जाएगा। फिर इससे दो स्मि की औरतों को

नुक्सान पहुंचेगा। अगर इसके मुताबिक तरमीम ऐक्ट मे ंकी जा ए तो अनमैरिड लड़की होगी उसे कोइ हक नही मिलेगा। इसी तरह डायवोर्सड औरतों के लिये मुश्किल हो जाएगी उसे न हसबैड के घर पर कुछ मिलेगा और पेरैट के घर पर उसे जायदाद में हक मिलेगा मेरे कहने का मतलब यह है कि इस प्रस्ताव में जिस शक्ल में यह पेश किय गया है काफी फलाज है इसलिए एक ऐक्सपर्टस की कमेटी बनाई जाए तो इन सारी बातों पर गौर करके सही शक्ल में यह प्रस्ताव बना कर लाए ओर फिर उसे पास करके मरकज़ी सरकार को भेजा जाए। जो अमैडमैट्स इसमे ंदी गई उनके बारे में मै कहनाचाहता हूं कि उनमें से एक में लिखा गया है कि ऐग्रीकल्चरल लैंड इसमें न आए। मै इस तरमीम से सहमन ही हूं कोइ आदमी एग्रीकल्चरल लैड भी ले सकता है ओर वह अरबन लैंड भी ले सकता है इसलिए जायदाद को बिना पर कोई डिसक्रमीनेशन ही होना चाहिए और सब के लिये एक जैसा कानून बनाना चाहिए। दूसरी तरमीम यह आई अै कि गैर शादी शुदा लड़की को बाम की जायदाद में हम मिलना चाहिऐ। इससे भी मै सहमत नही। अगर इस तरह का कानून बनेगा तो बहुत सारी लड़किया इस वजह से शादी नही करायेगी कि उनके शादी करते ही वह अपने बात की जायदार के हक से महरूम हो जाएंगी। वह इस बात का इन्तजार करती रहेगी कि उनका बाप मेरे ओर वह जायदार का हक लेकर शादी कराएं। इसलिए मै इन दोनो ंतरमीमों से सहमत नही लेकिन जो प्रस्ताव की स्प्रिट है उससे पूरी तरह सहमत हूं। इसलिए मै यह कहना चाहता हूं कि कुछ ऐक्सपर्ट

की कमेटी बना कर एक जामा प्रस्तावा हाउस में लाकर पास करके सैंटर को भेजा जाए तोकि जो बेचैनी लोगों में इ बरमे ंमे पई जाती है वह दूर हो सके।

राव बीरेन्द्र सिंह (अटेली): स्पीकर साहिब, कांग्रेस बैचिज की तरफ से एक मैबर श्री रूप लाल मेहता की तरफ से एक ऐसा रैजोल्यूशन आया है जिसके लिए मुझे उनको ंमुबारिकबाद बाद देनी पडती है। इससे जाहिर होात है कि इ कानून के बारें में आम जनता के जजबात क्या है। ऐसा रैजोल्यूशन पहले भी कई बार हाउस मे पेश किया गया और सरकार ने भी इस मामले पर कई बार गौर किया और अब फिर वह मारे सामानेअ याहै साफ जाहिर है कि लोगों में इस कानून के खिलाफ बहुत हेजान है। पालियामैट ने एक हिन्दू कोड बिल बनाया जिससे यह सारी चीजें पैदा हुई हैं स्पीकर साहिब, आप भी अच्छी तरह जानते है कि आम लोग इस हिन्दू कोड बिल के बारें में कहे है कि यह तो हिन्दू कोड बिल है जोकि हिन्दू समाज को लगा दिया गया है और इस कोढ़ का अभी तक कोई इलाज नही हो पाया है।

स्पीकर साहिब, मुझे एक बहन के ख्यालात सुनकर बड़ी खुशी हुई ओर मै उनकी हकूकपसंदी की दाद देता हू। मै लाबी मै बैठा हुआ था और देख रहा था कि काफी डोरे डाले जा रहे थे। बहन ओमप्रभा जैन बार बार इनके गले मे हाथ डाल कर कह रही

थी कि इस रैजोल्युशन का समर्थन मत करना क्योंकि बहनां के हकूक मारे जायेगे। लेकिन मै समझता हूं कि इससे हमारे देश के देहातियों ओर किसानों को बहुत राहत मलगी। हिन्दूस्तान मे किसान देश की रीढ की हड्डी है जिसके ऊपर इस देश का सारा ढांचा चल रहा है। बहनों के हकूक के लिए पहले भी कोई रूकावट नही थी। हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट के इस कानून के होने के बावजूद भी जहां लड़किया को हक बनता है। वहां उसे मिलता है। भाईयों के साथ उनको हक मिल सकता है, बाप चाहे तो ज्यादा से ज्यादा हक दे सकता है। अगर भाई न हो तो भी लड़की को हक पहुंचता है, विडो को भी हक पहुंचता है। और बीबी का भी हक पहुंचता है। लेकिन हमारी सैन्टर की सरकार ने सैकुलररिज्म की आड़ में, देश के कांग्रेस के नेताओं ने हमारे समाज पर कुल्हाड़ी चलायी। उन्होने वर्षो से चली आ रही हमारी पुरानी संस्कृति को, पनम्परा को बरबारद करने की सोची। स्पीकर साहिब, मै आपकी विसातत से अर्ज करनाचाहता हूं कि इसके पीछे बड़ी गहरी साजिश है। यह बात उनके दिमाग में अचानक पैदा नही हुई। उन्हें यह अच्छी तरह मालूम है कि हजारों वर्षो से हिन्दूस्तान, देहातों और किसानों की मजबूत बुनियाद पर खड़ा है। लेकिन फिर भी उन्होने गलत परम्पराए चला कर इस बुनियाद को खोख्ला करने की कोशिश की। जिस वक्त यह सिस्टम बना तो बहुत शार मचाया गया, लोगो ंने बहुत बुरा महसूस किया लेकिन इन्होने एक ने सुनी और बहुत बूट मजोरिटी से यह पास हो गया। पास होने के बाद भी लोगों को चैन नही पड़ा और वे बराबर इसे

बदलवाने की कोशिश करते रहे लेकिन इन्होने कानून नही बदता। मजबूर होकर लोगों ने दूसरी किस्म के ढंग निकलाने शुरू कर दिए। जो पढ़ा लिखा तबका है वह इस कानून का मुकाबला करने लगा है। लोगों ने वसीयत करवानी शुरू कर दी। अगर कोई आदमी वसीयत करके छोड़ जात है कि मेरी जायदाद इस तरह से तक्सीम होगी तो लडत्रकी को कुछ नही मिलेगा। इसके आगे कानून बेकार हो जाता है। लेकिन जो देहातों के अनपढ़ लोग है उनको बड़ी तकलीफ होती है। उनके जमीन के पीछे झगड़े होते है। आप जातने हे कि हमारे समाज में लड़कियों की किस तरके से इज्जत होती हैं भई और बाप लड़की की शादी के लिए अपनी जायदाद बेचकर बन्दोबस्त करता है। शादी होने के बाद बच्चे पैदा होने तक ज्यादा से ज्यादा खर्च देते है। इस प्रकार लड़की की हर तरह से सहायता होती रहती है। ससुराल में लड़की की इज्जत जायदाद के पीछ नही होती बल्कि इस बात पर होती है कि उस बहन के कितने भाई है, उससे माये कितने जोरदार है और लड़की के साथ कितना प्यार करते है। इसलिए जिस लड़की की मायके में इज्जत होगी, उसकी ससुराल में भी इज्जत होगी। इसलि इन हालात में हमारे समाज में लड़की के लिए इतना जबरदस्त प्यार हो, अहतराम हो ओर इतनी बड़ी सोशल पोजीशन मिली हुई हो तो समाज के एक सैक्षन पर कानून के जरिए से हमला करना हिन्दूस्तान की जानता के साथ सब से बड़ा धकका है। बल्कि मै तो यहां तक कहता हूं कि हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट एक काला कानून है। स्पीकर साहिब, अगर हिन्दूस्तान एक सैकुलर स्टेट है, तो यह

जो हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट बनाया गया है यह हिन्दूओं और सिक्खों पर ही क्यो लागू होता है, दूसरे मजहब के लोगों पर क्यों लागू नही होता? असल मे ंबात यह है कि इनमे दूसरे मजबह के लोगों पर यह कानून लगाने की हिम्मत ही नही है। अगर एक सैकुलर स्टेट के अन्दर ऐसे कायदे कानून बनाये जाए ओर उसे कमजोर करने की सोची जाये तो मै समझता कि यह सैकुलरिजम ही नही है। आप दूसरी सोसायटियों के अन्दर देख रहे है कि कितनी कांसप्रेसी चल रही है। फैमिली प्लेनिग भी हिन्दू सोसायटियों के पैरों में कुल्हाड़ा मारने के लिए ही चलाई गई है, हिन्दूओं को कमजोर करने के लिए ही यह सब हथकडं रचे जा रहे है। इनकों समाज मे ंजो सैक्शन मजबूत दिखाई देता है उसे खत्म करने की खातिर, हमारे देष के बड़े बड़े लोग, जो अपने आपको ंनेता कहते है, अगर इस किस्म की साजिश करत`है` हमें उनके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

स्पीकर साहिब, मुझे खुशी है कि यह रैजोल्यूशन कांग्रेस बैचिज की तरफ से आ रहा है। आप जातने है कि जमीन की खातिर लोगों में किस तरह मुकदमेंबाजी होती है। जब कोई बहन अपने बाप के मरने के बाद, अपनी जायदाद का हिस्सा लेने के लिए भाईयों पर दावा करती है तो उन पांच चार भाईयों के पास कोई चारा नही कि वह जायदाद का बंटवारा कैसे करे, भाईयों में बांटे या बहनों को दे। हमारे देश मे ज्यादातर लोगों का दारोमदार जमीन पर ही है। मुश्किल से गुजारा करते हैं

आपको अच्छी तरह पता है स्पीकर साहिाब, कि एक एक इंच जमीन के लिए कत्ल होते है, खून होते है, इसकी क्या वजह है? इस का कारण यह है कि लोगों के पास जमीन कम होती है, उन्हे पेट भर कर खाना नही मिलताहै। जब जमीन देने का सवाल आता हौ तो गोलियों चलती है, गले कटते है। यह समाज पर एक बहुत बड़ा बोझ है और इस बौझ को बढ़ाने के लिए यह कानून सब से ज्यादा रोल अदा करता है। भाई बहन को कहता है कि यह मेरी बहन ही नही है, यह तो गुण्डोंने उकसा कर मेरे मुकाबले में खड़ी कर दी है। लेकिन जब लड़की या लड़का पैदा होता है तो उनका नाम रजिस्टर में लिखा हुआ नही होता क्योंकि बच्चा पैदा होने के कई महीने बाद बच्चे का नाम रखा जाता है, इसलिए भाई को यह कहना बड़ा आसान हो जाता है कि यह मेरी बहन ही नही हे। इस प्रकार हिन्दू सोसायटी मे यह एक काला धब्बा है। देहात की सोयायटी किस तरीके से बनी, यह आप अच्छी तरह से जातने है। एक देश के लोग होमाजिनियस सोसायटी बनाने के लिए एक जगह पर आ गये और इसी वासते देश में रिवाज और कानून चलते रहे है कि एक फैमिली को जमीन नही जायेगी। हक्कषुफा का जो यह कानून बना है उसक ढांचा बरबाद करने क`लिए उस कानून की प्रिएंप्शज्ञन दी है। अपने गांव के लोगों का ही जमीन का हक मिलना चाहिये, क्यंकि दूसरे गोत आदमी रहते हो ओर किसी कारण उस गांव मं डाका पड़ जाता है तो उसकी हिफाजत करने के लिये कोई नही जाता। उनकों एक दूसरे से प्रेम ही नही होता। देहातों मे खून की थिकैनस के कारण ही सोसायटियों

चलती हैं अगर किसी गांव मे पांच बूढे मर जाएं ओर उनकी बीस लड़किया हो तो गांव में बीस बोत हो जायेगे। इससे आप देखे कि उस गांव की क्या हालत होगी। तो मै यह अर्ज करूंगा कि हमें लफ्जों बहस में नही जाना चाहिये। मेरे बहुत से दोस्त जो कांग्रेस बैचिज पर बैठे हुए है वे भी इस प्रस्ताव की स्पिरिट से इत्तफाक रखते है। इस कानून में सूबा गवर्नमैट सैन्टर गवर्नमैंट की इजाजत से अपने आप अमैडमैट कर सकती है। संयुक्त दल गवर्नमैंट के टाइम मे इस मामल पर गौर किया गयाथा और हमने बड़े सोच विचार के साथ सैन्टर गवर्नमैंट को रिकमैड किया था कि हरियाणा राज्य को हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट इस इस प्रोविजन को अमेण्ड करने की इजाजत दी जाए। हमार होते हुए तो कोई उत्तर वहां से नही आया था अब आ गया हो तो पता नही लेकिन चवन साहिब की एक स्टेटमैंट हमने जरूर अखबार मे ंपढी थी शायद आपने भी पढ़ी होगी। उसमैं उन्होने कहा थाकि अगर स्टेट गवर्नमैंट इस कानून में तबदीली करना चाहे तो सैट्रल गवर्नमैट उसे रास्ते में कोई रूकावट नही डालेगी और उसे रिकमनडेशनज का मन्जूर कर लेगी। तो सैण्ट्रल को एप्रोच करे कि लड़कियों को हक दिए जाने वाले प्रोवीजन को यहां लागू नही यिका जाना चाहिये बल्कि उसके पति और ससुर की जायदाद में से हिस्सा दिलाने का कोइ तरीका निकाल लिया जाए। इस बात से कोई इन्कार नही कर सता कि यदि पति ओर ससुर की जायदाद मे से हम लड़की को हिस्सा दिलाएं तो उसका सोशल स्टेटस और किक्योरेटी बढ़ेगी ओर भाईयों के साथ जो बहन को प्रेम होता है वह भी कायम रहेगा।

तो मै अर्ज करूंगा कि सामने बैन्जि?चज पर बैठे हुए भाई बहन इस प्रस्ताव को टालने की कोशिश न करें क्यों कि आज हरियाणा की जनता इस बात की ओर निगा लगाए हुए है और श्री रूप लाल मेहता को तो फूलों से हार पडेगे अगर यह रजोल्यूशन पास करा कर पलवल के हलके में जाऐंगे। दया कृष्ण जी भी जानते है कि जनता की क्या आवाज है। शारदा जी भी उस सोसायटी से ताल्लुक रखती है। जिसमे झगड़े फसाद होत हैं अगर आज ये अपना हिस्सा लेने यू.पी. के अन्दर जाएंगी तो इनका किस तरीके से स्वागत होगा इकस भी उन्हे पता है। लेकिन बहन ओम प्रभा जी को इस बात का पता नही है उनके ऊपर इस कानून का असर नही पड़ता जैन सोसायटी क अन्दर अललाहिदा रिवाज है वे तो उन रिवाजों की पाबन्द है। उन्हे तो भाईयों का गिला सुनना है। न झगड़ा करने की जाना है और नही कही से कब्जा लेना है वे तो हमें ही मरवाना चाहती है। देखते है उनकेस क्या जवाब मिलता है। लेकिन जिन लोगों का इससे ताल्लुक है, जो इस आग में पड़े हेए ळै उनको मालूम है कि क्या होता है और क्या हुआ है। तो मै यही अर्ज करूंगा कि इस रैजोल्यूशन को इसकी पूरी अहमियत समझ कर आज इस हाउस को इत्तफका राय से पास कर देना चाहिये क्येंकि आज कांग्रेस बैचिज की तरफ से भी और आपोजीशन से भी इसे पूरा समथ्रन मिला है।, पिछली सरकार रिकमेनडेशन कर चुकी है। कि यह कानून हरियाणा में नही होना चाहिये। यह रैजोल्यूशन बड़ा ब्रौड सा है। इसमें किस ढंग से सरकार क्या ऐक्शन लेती है यह हम सरकार पर छोड़ दै है।

हमारा तो मकसद पूरा होना चाहिये वह चाहे यहां बिल लाए या पालियामैंट में इस बात को ले जाए। परन्तु मै समझता हूं कि यदि हमारी असैम्बलजी बिल पास कर दे तो पार्लियामैट में उसे ले जाने की जरूरत नही पड़ेगी बल्कि केवल सैट्रल गवर्नमैंट की स्वीकृति लेनी पड़ेगी। इसमें भी कोई दिक्कत नही होगी क्योंकि सैट्रल गवर्नमैंट के होम मिनिस्टर साहिब का ब्यान आ चुका है कि उनाके कोई एतराज नही होगा अगर हमारी असम्बली तरमीम करना चाहे। ऐसी हालत में स्पीकर साहिब, सरकार को कोई आपत्ति नही हे। आपोजीशन के साथ है, जनता इस बात की मांग कर रही है, कांग्रेस मैम्बरान ज्यादातर इसके हक में है। इसलिए अन्त में फिर मेरी सरकार से अपील है कि वह इस प्रस्ताव को टालने या व्हिप देकर गिरवाने की कोशिश न करें बल्कि एक राय होकर आज इस रैजोल्यूशन को पास करे दे।

श्री चन्द्रावती (लोहारू): स्पीकर साहिब, श्री रूल लाल मेहता जी ने हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट तरमीम लाने के लिए जो रेजोल्यूशन पेश किया है, मै उसके प्रौज एंड कोन्ज दानों के बारें में कुछ कहना चाहती हूं। यह बात ठीक है कि यह ला बहुत डिफैक्टिव है क्योंकि पार्लियामैंट के ज्यादातर मैम्बर, जिन्होने इसे पास करवाया है, शहर की अपर–मिडल क्लास के मुक्तभोगी थे चाहे वे कांग्रेस जमात के ही थे या चाहे उनका मकसद वलफेयर आफ दी स्टेट भी था। शहर के अन्दर मिडल क्लास के यहां अगर

घर में से मर्द मर जाता है तो उसकी बेवा लड़कियों अनाथ हो जाती है और दूसरे भाई बंधु उनकी सारी की सारी जायदाद को हडप कर जाते है। यह चीज इस बिल को पास करने वाले ज्यादातर सदस्यों के दिमाग में थी। देहात के लोगों का दृष्टिकोण रखने के लिये या तो मैम्बर बहुत कम थे और या जो थे उनको समझ नही थी कि इस कानून का परिणाम क्या होगा हालाकि यह ऐक्ट 1956 में इन्फोर्स हुआ, फिर भी देहात के लोगों को इस का पता अभी तक भी नही है। अभी भी चुनाव में कई लोग कहे फिरते थे कि यदि मै चुनी गई तो लड़कियों के नाम जमीन करवा दूंगी। कितने इगनोरेटर है वे लोग। तो स्पीकर साहिब, इस ऐक्ट की डफिनीशन तो एक शब्द में आती है। कि ''हिन्दू सकसैशन ऐकट लीगेलाइजेशन आफ दी बिल है'' और शहर क मिडल क्लास के लोगों ने ऐक्ट को बनवाया जिस से कि देहात का समाज डिसइंटेग्रेट हो जाये बिना इस बात को ध्यान मे ंरखे हुए कि देहात मं इसका क्या परिणाम होगा। लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी स्पीकर साहिब, अगर हमारा समाज इगनोरेट न हो तो उनके ऊपर भी इस कानून का असर नही पड़ सकता क्योंकि इस ऐक्ट में यह भी लिखा हुआ है कि अगर कोई बाप या भाई एनसेसट्रल प्रोपर्टी जुए के अन्दर गंवा देता है, शराब के लिए बेच देता है तो लड़की किसी कोर्ट में चैलेन्ज नही कर सकती। यह हाानिकारक उन्ही के लिये है जो इगनोरैन्ट समा जै। नही तो यह ऐक्ट लड़कियों के लिये कोई फायदे का ऐक्ट नही है। यह मै मानती हूं कि शहर के उन लौगों ने इस बात को ध्यान मे ंनही

रखा कि गांव के इगनोरेंट लोग कितने ज्यादा मुकदमाबाजी में फंस जाएंगे। बहुत से लोग ता इसी इगनोरेंस की वज से आज मुकदमाबाजी में फंसे है। अगर वे इगनारेरेंट नही होते तो सिर्फ एक विल करके छुटटी पाई जा सकती थी। बाप अगर चाहे ता एक लडके के नम भी विल करके छुटटी पाई जा सकती थी। बाप अगर चाहे तो एक लड़के के विल कर सकता है। लेकिन एक गांव का आदमी इस चक्र में नही पडता । इउसे तहसील में आने में बड़ी दिक्कत होती है। उसे यह भी पता नही होता कि विल क्या होता है जबकि शहर के लोगों को पता भी कुछ जयादा होता है और नजदीक ही सब सहूलियतें प्राप्त होती है.....

देहात पुराने वक्त से बसे हुए है और उनमे आमतौर पर एक गोत के लोग बसे हुए है। और उनकी जा रिश्तेदारी है वे दूर दूर होती है। तो एक तरह से मै मानती भी हूं कि यह बात गलत है कि दूसरे लोग एक गोत के लोगों में आकर बसे तो अच्छा नही लगता अगर दामाद घर आ कर बसता है चाहे वह कितना ही प्यारा क्यों न हो लकिन गांवों के लोग उसकों अच्छी नजर से नही देखते। लेकिन यह कोई ठोस नही हुआ उस रिवाज को तोडने के लिए, उस बिल में तरमीम लाने के लिए पब्लिक ओपीनियन नही ली गयी। यह ऐक्ट नही है। इसकी तरमीम होना बहुत जरूरी है। और इसको भारत सरकार को करना चाहिये। सो ज्यादा न कहते हुए अगर वह रेजोल्यूशन पास हो तो इसमें दो तीन बातें जरूरी ऐड हो जानी चाहिय एक तो कुंवारी लड़की या

जो शादी नही करवाना चाहती हो वह अपने बाप की पैत्रिक जायदाद मैं उसी तरह से हिस्सेदारी रहनी चाहिये। जो जमीन का झगड़ा है वह एक तरहै से हल हो जागएा कि मैरिड जो लड़किया है उसको एग्रीकल्चर लैंड में एग्जैम्पट कर दिया जाये तो उससे किसानों को दिक्कल नही होगी। सो मै इस प्रस्ताव का समर्थन करती हूं। जो हाउस में पेश किया गया है।

चौधरी सिंह मलिक (हसनगढ़): स्पीकर साहिब, हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट के बारें में जो प्रस्ताव मेरे साथी रूपलाल मेहता ने पेश किया है मै ने उसमे ंतरमीम पेश करनी है। स्पीकर साहिब 1956 से पहले पंजाब मे ंउस वक्त जब हरियाणा पंजाब का हिस्सा होता था। विरासत के दो किस्म के तरीके चलते थे। देहात में बसने वालों का जिनका गुजारा खेती पर था उनपर वारसत के लिये उनके रिवाज लागू होते थे बाकी जिनकी खेती गुजारानही था उन पर हिन्दू शास्त्र लागू होता था। लेकिन इस हिन्दू सक्सैशन एक्ट के पास होने के बाद विरासत का एक ही कानून बना दिया है चाहे उनका खेती का गुजारा हो, या न हो, चाहे वह शहर में बसता हो या गांव मे ंचाहे वह हिन्दू हो, चाहे सिख हो, चाहे बौद्ध हो, चाहे जैन हो सभी हिन्दू सक्सैक्शन के तहत आते है।

राव बीरेन्द्र सिहः चौधरी साहिब इस ऐक्ट में जैन लोग शायद नही आते है।

चौधरी माडू सिह मलिकः स्पीकर साहिब, मै आपकी विसातित से राव साहिब को बता देना चाहता हूं कि जिन लोगों को हिन्दू सक्सैशन ऐक्ट में लिया गया है उनमें जैन भी शामिल है मै वह धारा पढ़ कर सुनाता हूं।

“2 Application of Act.-(1) this act applies-

(a) to any person, who is a Hindu be religion in any of its forms or development including a Virshaiva, Lingayat or a follower of Brahmo, Prarthana or Arya Samaj,

(b) To any person who is Buddhist, Jaina or Sikh by religion and

*** *** *** *** *** ***

राव बीरेन्द्र सिंहः यह तो हिन्दुओं के लिए कोढ बन गया है।

चौधरी माड सिंह मलिकः राव साहिब ने हिन्दू कोड पर हमला किया किया। यह रेलेवेंट नही है। हिन्दू कोड में चार ऐक्ट

आते है जैसे कि हिन्दू मैरिज एक्ट, हिन्दू माइनोरटी एंड गाडियनशिप एक्ट एण्ड मेनटिनों, आदि।

तो स्पीकर सहिब जहां तक हिन्दू सक्सैक्शन ऐक्ट में तरमीम का सवाल है मै मानता हूं कि उसमे ंतरमीम होनी चाहिय। मरे दोस्त राव साहिब को इन बातें को इलम नही है जिससे देहातें ं जो नाराजगी है वह सिर्फ इसलिये ही नही है कि लड़की को जमीन चली जाती है। बल्कि इसमें और भी कमियों है जिसे जमीन की विरासत का फैसला ठीक रूप में नही होता है। जैसे कि सैक्शन आठ मे जो भी वरिसों की क्लास आती हैः

नम्बर एक क्लाज के अनुसार जो वारिस है उनमें लड़का, लड़की विधवा, माता, पोता, पोती आदि है। इन सब को बराबर हक मिलता है।

इसी प्रकार से क्लाजस दो में हकदार इस प्रकार है। पहले बाप आता है फिर पोती का लड़का और पोती की लड़की, उसे भाई, बहिन आते है। और उसे बाद दोहती के लड़के ओर लड़की को हक मिलता है। भाई का लड़का, लड़की बहिन का लड़का लड़की इनके बाद आते है ओर फिर बाबा, दादी, पिता का भाई, पिता की बहिन, नाना, नानी, मामा, मासी, इत्यादि इस प्रकार से तरतीब से आते है।

इस प्रकार आप देखते है कि भाई के लड़के और लड़की से पहले दोहते के लड़के और लड़की को हक मिलता है।

भाई और बहिन से पहले पोती के लड़के और लड़की को हक तक पहुंचता है जिससे आपस में बड़ा दुख पहुंचता है। फिर क्लास तीन मे ंएगनेट है अगर कोई व्यक्ति मर गया है ओर उसे कोई औलाद नही है तो उसके भाई या भाई के लड़के हकदार होते थे और तीन पीढ़ी तक यह चलता था परन्तु अब ऐसा नही होता है।

अब सैक्शन 25 लीजिए उनमे ंएक बड़ी अजीब बात है यदि एक आदमी की दो शादिया होती है और पहली औरत से उसके दो लड़कियां है ओर वह औरत 1956 से पूर्व मर जाती है फिर वह शादी कर लेता है दूसरी, और उससे भी बच्चे होते है, यदि वह व्यक्ति 1956 से पहले मर गया हो तो उसकी वारिस उसकी दूसरी बीबी बनती है ओर उसके मरने का हक का सवाल आत है तो पहली औरत के बच्चों केा कुछ नही मिलेगा।लेकिन 1956 से पहले दोनों के बच्चों को जायदाद बराबर तक्सीम होती थी। यह तो अन्याय है क्योंकि आखिर वे भी तो एक ही बाप की बेटियों है। फिर ऐसा क्यों होता है? सिर्फ लड़कियों को क्लाज एक से निकाल दने से मसले का हल नही होता।

राव बीरेन्द्र सिंहः अगर एग्रीकल्चर प्रापर्टी में से उनको हिस्सा न दिया जाये तो ठीक बात है न।

चौधरी माडू सिह मलिकः अगर ऐग्रीकल्चर प्रापर्टी में लड़कियों को हिस्सा न दिया जाये तो कुछ झगड़ा मिट सकता है। परन्तु जरई जमीन पर अगर अगर यह एक्ट लागू न हो तभी सारा झगड़ा मिट सकेगा।

सैक्शन 30 जो एक्ट का है वह विल के मुताल्लिक है। कस्टम के अनुसार कोई भी प्रोपराइटर अपनी जायदाद को गिफ्ट या विल के जरिये एलीनियेट नही कर सकता। इसलिए विल के प्रावीजन का एग्रीकल्चर को कोई फायदा नही है। जबकि वह एनसेस्ट्रल प्रापर्टी के मुताल्लिक विल नही कर सकता है।

सैक्शन 5 जो एकट का है उसके नीचे तीन किस्म की प्रापरटीज दी गई जिन पर यह एक्ट लागू नही हेाता। मेरा कहना है कि उसमें यह भी शामिल कर लिया जाये कि यह एग्रीकल्चर प्रोपर्टी पर लागू नही होगा।

पंजाब या हरियाणा में जितने भी खेाती करने वाले हैं, चाहे वह किसी मजहब के हैं वह रवायात को मानते हैं मगर यह एक्ट सिर्फ हिन्दुओं पर लागू कर दिया गया है। खान साहिब पर तो यह एक्ट लागू ही नहीं होता। वह क्यों बोलने के लिये उतावले हो रहे हैं।

जैसे राव साहिब ने कहा है, चौहान साहिब ने पार्लियामेंट में जब एक प्राइवेट मेम्बर का रैजोल्यूशन आया यह बात मानी थी कि अगर किसी स्टेट की असैम्बली यह पास कर दे

कि इस एक्ट में तरमीम होनी चाहिए तो सैंटर को कोई इतराज नहीं होगा।

मेरी अर्ज है कि मेरी तरमीम को मानते हुए इस रेजोल्यूशन को पास कर दिया जाये।

Mr. Speaker: I wish to make an observation. It appears that there is general consensus that this dicussion should end and the resolution be put to the vote of the House. So the Hon. Members should try to stop this discussion at 12.50 p.m. Now there is time for only three debators.

Finance Minister (Smt. Om Prabha Jain): No, Sir. This is non-official resolution and as many Member like to speak, they must be allowed to speak. This is a very important matter and the Members shoul be given full opportunity to express their views.

Mr. Speaker: I do not mind it, if there is general consensus about it. Then we will have to extend the time.

राव बीरेन्द्र सिंहः टाइम बढ़ा सकते हैं। मगर इस रजील्यूशन को आज जरूर पास करवा दिया जाये।

खान अब्दुल गफ्फार खां (नग्गल): जनाब, स्पीकर साहिब, मैं इस रेजोल्यूशन की मुखालिफत के लिये खड़ा हुआ हूं। कहा जाता है कि अगर हिन्दू सक्सेशन एक्ट को ऐसे ही रहने दिया जाये और उसमे तरमीम न की जाये तो बहन और भाई का प्यार नहीं रह सकता। यह बात मेरी समझ में नही आती। भाई

और बहन एक मां के पेट से पैदा होते हैं। अगर महज लालच की बिना पर भाई यह कहें कि अगर उन की बहन को जायदाद में हिस्सा मिलता है तो उस की बहन से दुश्मनी हो जायेगी, यह बात मेरी समझ में आने वाली नहीं है। अगर भाई और बहन का प्यार किसी लालच और जायदाद पर मबनी है तो वह कल नहीं तो परसों या तरसों यानि एक न एक दिन जरूर टूटेगा और उनमें दुश्मनी पैदा होगी। क्या हम आज कल जायदाद के मामले में भाई और भाई में झगड़ा नहीं देखते। क्या हम जायदाद के लिये एक भाई को दूसरे भाई को कत्ल करते नहीं सुनते। परसों ही मैंने अखबार में पढ़ा कि जायदाद के मामले पर एक भाई ने दूसरे भाई को मार डाला। बाप की जायदाद मिलने से भाई और बहन का खून खराबा हो सकता है। मेरी समझ में नहीं आता कि क्यों लोगों के सामने गलत बातें पेश की जाती हैं। यह कहा जाता है कि लड़की के बाप की जायदाद में हिस्सा लेने से भाई और बहन का प्यार खत्म हो जाता है। इसलिये लड़की को अपने ससुर की जायदाद में हिस्सा लेना चाहिये। अगर जायदाद के लिये भाई बहन को कत्ल कर सकता है तो कैसे कह सकते हैं कि लड़की जिस की शादी पचास कोस दूर होती है वह अपने ससुर के घर जो कई दफा उसके माइके से कोसों दूर होता है और यहां उस के अपने खून का कोई नहीं होता, महफूज हैं। अगर भाई बहन को जायदाद के मामले में कत्ल कर सकता है तो वह क्या अपनी बहू को कत्ल करने में दूर लगायेंगे।

चौधरी माडू सिंह ने कहा था कि मेरे पर इस एक्ट का असर नहीं पड़ता मैं बता दूं कि मैं पंजाब में और अब हरियाणे में रहता हूं।

श्री रूप लाल मेहता: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। जब खान साहिब पर इस एक्ट का असर नहीं पड़ता तो यह इतनी दिलचस्पी क्यों ले रहे हैं ?

खान अब्दुल गफ्फार खां: यह प्वायंट आफ आर्डर महज प्वांयट आफ आर्डर करने की बात है। वरना जब कोई चीज हाउस में आती है तो उस पर सब को बोलने का अधिकार है चाहे वह उस को सपोर्ट करें या उस की मुखालिफत।

Mr. Speaker: All the same he has got the right to speak.

राव बीरेन्द्र सिंह: आन ए प्वायंट आफ इनफर्मेशन, सर। अगर हिन्दू सक्सेशन एक्ट अच्छा है तो क्या खान साहिब इसे मुसलमानों पा अप्लाई करने के लिये मान जायेंगे।

खान अब्दुल गफ्फार खां: मैं समझता हूं कि महज लालच की बिना पर हम लड़कियों को बाप की जायदाद में हिस्से से महरूम रखना चाहते हैं। (विघ्न) जितने भी मुसलमान हिन्दुस्तान में मा–सिवाय पंजाब के हैं वह रवायात के पाबन्द नहीं हैं। मगर हम पर लालच की बिना पर रवायात की पाबन्दी लगाई गई। अगर मेरी बहन दावा करें कि वह हिस्सा लेना चाहती है तो

मैं जाकर अदालत में कहता हूं कि कुरान की बात को मैं नहीं मानता बल्कि मैं तो रवायात की बात मानता हूं। अगर कोई लालच करता है तो कोर्ट में भी जाकर वह बात करेगा जिस में उस को फायदा होता हो। और कुरान की बात नहीं मानेगा हालांकि कुरान में यह लिखा है कि लालच करता है वह काफिर है। यह राव साहिब तो शायद जानते नहीं। यू.पी. में जो मुसलमान रहते है वहां पर मुस्लिम ला के मुताबित बेटी को, फूफी को, नातिन को जायदाद में हिस्सा मिलता ह। और आज की बात नहीं यह हमेशा से होता आ रहा है और कोई गलती नहीं हुई। और बहनों में तो यहां तक प्यार है कि बेशक बहनों के नाम जायदाद आती है लेकिन वे अपने भाइयों के नाम करा देती हैं।

स्पीकर साहिब, हिन्दु सक्सेशन ऐक्ट में एक प्रावीजन यह भी है कि अगर बाप नहीं चाहता अपनी बेटी को किसी वजह से जमीन देना वह वसीयत करके उस को महरूम कर सकता है। मगर मलिक साहिब ने एक नई बात कही है कि वह तो जद्दी जायदाद कहलाएगी बाप ऐसा नहीं कर सकता। अरे क्यों ऐसे नुक्ते निकालते हो और बहनों के द्वारा बाप को और भाइयों को बददुआएं दिलवाना चाहते हो .....

श्री मंगल सैन: क्यों मगरमच्छ के आंसू बहाते हो।

खान अब्दुल गफार खां: जो मुसलमानों के ऊपर रायज करने के लिये पूछा गया। मैं तो कहता हूं कि यह उन के ऊपर

ला के मुताबिक पहले से ही लागू है। आप जो बेटी का दान करते हैं, बड़ी अजीब बात है। एक ही बाप और मां से लड़की और लड़का पैदा होते हैं। लेकिन लड़की की जब शादी करते हैं तो कहते हैं कि दान करते हैं और लड़के को कुछ नहीं ....

श्री मंगल सैन: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहिब, क्या एक आनरेबल मेम्बर किसी एक सोसाइटी के नियमों पर हमला कर सकता है और उसके सैंटीमेंट्स को ठेस पहुंचानें का हक रखता है ?

Mr. Speaker: I may assure Sh. Mangal Sein that the honourable Member (Khan Abdul Ghaffar Khan) does not mean any attack on any society.

खान अब्दुल गफार खां: मैं आखिर में यही अर्ज करता हूं कि जो रैजोल्यूशन है उस की मैं मुखलिफत करता हूं और यह अपनी राय देता हूं कि हिन्दू सक्सैशन एक्ट जैसा है वैसा ही रहना चाहिए।

Mr. Speaker: Before I allow any other Hon. Mmeber to speak I would like to know as to how many more Members want to participate in the disucussion on this resolution.

(At this time, many Members stood up in theri seats)

Mr. Speaker: It means that it will not be possible to conclude discussion on this resolution and it will have to go on.

Voices: Yes, yes.

Mr. Speaker: All right, the discussion will continue.

वित मंत्री (श्रीमति ओम प्रभा जैन): माननीय स्पीकर साहिब, आज एक बहुत अहम विषय पर चर्चा हो रही है। आज कोई पहली ही बार नहीं है बल्कि कई बार इस विषय को कुरेदा गया है। सन् 1960 में भी इसी प्रकार का रैजोल्यूशन आया था जिसके ऊपर बहुत इम्पार्टेंट कमेटी बनी थी जिसने विचार किया और नोट्स आफ डिसेंट भी आए। लेकिन बात वहीं खत्म नहीं हुई उसके बाद भी चर्चा चलता रहा। पिछले साल भी यहां इसी किस्म का रैजाल्यूशन लाया गया और उस पर भी पूरे दिन बहस हुई आज भी यह चर्चा कोई नई नहीं है। स्पीकर साहिब, मुझे इस बात का थोड़ा सा अफसोस है कि जब भी इस विषय पर बहस होती है तो यह कहा जाता है कि ओमप्रभा जैन का तो ऐग्रीकल्चर लेंड से कोई सम्बन्ध नहीं है यह तो शहरी हैं और यह देहात के मसलों को नहीं समझतीं, यह जायज बात नहीं है अगर देखा जाए तो पता चलेगा कि यह इफैक्ट किस को करता है। यह न तो राव साहिब को इफैक्ट करता है, न मेजर अमीर सिंह जी को इफैक्ट करता है मैं तो यहां तक समझती हूं कि बहनों के अलावा और कोई मेल मेम्बर इस पर बोलने का हक भी नहीं रखता यदि उनके तरीके से सोचा जाये तो .....

श्री रूप लाल मेहता: जनाब हाउस कब तक चलेगा ?

Mr. Speaker: As I have already observed, the discussion on this resolution is not likely to conclude today, and it will have to be resumed on the next non-official day. So, the resolution will continue.

(interruptions)

Mr. Speaker: No interruptions, please. The hon. Finance Minister may resume her speech.

वित मंत्री: खैर मेरे कहने का मतलब यह है कि हर एक मेम्बर जो जनता का नुमाइन्दा है उसे इस बात का हक है कि वह अपने विचार आजादी से प्रकट कर सके। हिन्दू सक्सेशन एक्ट पर कोई 40 साल से चर्चा चली आ रही है। जब पार्लियामेंट में यह बिल पेश हुआ तो वहां भी यह चर्चा आई कि लड़कियों को ससुराल में हक मिलना चाहिये लेकिन बहुत गम्भीर विचार करने के बाद यह एक्ट पास हुआ। अब हो सकता है कि किसी एक्ट के पास होने के बाद उस की इम्पलीमैटेशन में दिक्कतें आएं। अगर हम यहां कोई इस एक्ट में अमेंडमेंट करना चाहते हैं तो उस में ऐसी प्रोपीजीशन आनी चाहिए कि जिसमें किसी का हम न मारा जाए।

यह रैजोल्यूशन आज जिस शक्ल में आया है और इस पर जो अमैडमेंट्स आई है मैं समझती हूं कि इस से किसी प्रकार का भी औरतों का भला नहीं बल्कि उनको जो कुछ मिला हुआ है वह भी उन के हाथों से चला जायेगा। स्पीकर साहिब हिन्दू सकसैशन एक्ट किन वजूहात की बिना पर बनाया गया और हमारा

जो सामाजिक वातावरण था औरतो के सम्बंध में, उस को सब जानते । यहां का जो पुराना सोशल स्ट्रक्चर था उस का ेदखते हुए इस बात की जरूरत महसूस की गई कि हिन्दुस्तान में कोई युनीफार्म कोड बिल लाया जाए जिससे समूचे हिन्दस्जान के हिन्दुओं के लिए एक जैसा सकसैशन एक्ट बनल सके। इसके इला09वा जैसे हमारे विधान में प्रोवीजन है कि और त और आदमी को बराबर के अधिकार मिलने चाहिइयं उसको भीा मदेनजर राते हुए हिन्दू कोड बिल के लाने कि जरूरत महसूस हुई है। हिन्दू कोड बिल के जरिये कुछ ऐसे हैर्ज की लिस्ट बनाई गई जिलका रिष्ता खून का हो न कि किसी दूसरी भावना के साथ। लड़की को अगर जायदाद में हक मिला तो वह इसलिये कि वह भीा अपने बाप का खून होतली है। इसी प्रकार जो सबसे बड़ी चीज जो इस हिन्दू कोड बिल के जरिये हुइर्अ वह यह थी कि औरत को पहली दफा हिन्दुस्तान में फुल और एबसोल्यूट हेयर माना गया। सन् 1937 में एक कानून पास हुआ था जिस के जरिये लिमअिड राइट औरत को मिला था, उसको एबसोल्यूट राइट देने के लिए यह हिन्दू सकसैषन एकट बना था। स्पीकर साहिब इस एक्ट के जरिए एक सामाजिक इन्कलाब हमारे देष में आया और जैसा कि आप जानते है कि जब भी कोई सोशल कानून बनाया जाए उसके बाद ट्रांजेकषन पीरयड में तकलीफें होती हैं जिसकी वजह से कुछ परेशानियों महसूस होतह है लेकिन आहिस्ता आहिस्ता सब कुछ ठीक हो जाता है। यह तो महज कहने की बात है कि बहुत म

ुकदमें हो रहे हैं जहां तक मेरी इतलाह है 12 सालों कें अंद

सारी स्टेट में 800 मुकदमात लड़कियों के चले और इस के मुकाबले में आप अगर बाप और बेटों ओर भाई – भाई के मुदमों का नम्बर देखो तो वह बहुत ज्यादा है। मे। जजबात कीह बात नही करती लेकिन मैं एक बात कहती हू। यहां पर बहुत तरफ से तजवीज आई कि लडत्रकी को बाप की जायदपाद से हिस्सा मिलने की बजाए सुसराल की जायदार से हिस्सा मिले। लेकिन मै। समझती हॅू कि इससे बड़ी खराबी हो जाएगी। आप तो भाई बहन के प्यार की बातें करते हैं लेकिन जब औरत को इनलाज की जमीन में हिस्सा दिया जाएगा और वह उस जमीन को अपवनी जायज गजों के लिए इसतेमाल करने की कोषिश करेगी तो क्या पति और पत्नी के अंदर प्यार में फर्क नही आएगा, उनके फैमिली रिलेशन्ज में क्या खिचावट नही आएगी?

फिर स्पीकर साहिब, यह जो अमैंडमैट आई है कि अगर लडकी ने शादी न करवाई हो तो उसका बाप की जायदाद मं हिस्सा हो जाए और जिस वकत वह षादी करवा ले उस को सुसराल की जमीन से हिस्सा मिल जाए और बाप कीह जमीन जो है वह उसके भाईयों को चली जाए मेरी राए में इस के बहुत खतरनाक नतायज निकल सकते है। स्पीकर साहिब इनहैरीटेंसा का सवाल उस वक्त पैदा होता है जब फादर की डथ होती है। अगर एक लड़की कुवारी है और उसे बाप कीह डैथ के बाद जमीन का हक मिल जाता है तो क्या ऐसे इंस्टांसिज नहीं होंग बहिन की मर्जी के खिफ भाई उसकी किसी बुढे या अपाहिज के साथ

जबरदस्ती शादी कर दें ताकि बहन की जायदाद भाइदयों को मिल जाये। इसलिए यह तरमीम और रैजोल्यूशन अगर मान लिजये जायें तो औरतों के साथ बहुत भारी बेइन्साफी होगी। जैसे मे। पहले कह चुकि हूॅ कि इनहैरिटेंास का जो कानून है वह खून के रिष्ते की बिना पर है। अगर आज मैं चाहूॅ कि रावच साहिब की या मेजर साहिब कि जमीन से हिस्सा लेलू तो नहीं ले सकती , मैं सिर्फ अपने बाप की जमीन से हिस्सा ले कसती हू। अगर लडकी को ससुराल की जायदाद में से हिस्सा देने वालीइ बात मान लली जाए तो कया आप उम्मीद कर सकते हैं कि सुसराज 4में जहां कि उस का खुन का रिश्ता नही है उसकी लड़की के साथ क्या जायज सलूक होगा? स्पीकर साहिब, ससुराल में जिस तरीके से देवर, जेठ या सास का बहुओं से व्यवहार होता है वह किसी से छिपी हुई बात नहीहं है। ऐसे भी इन्सटांसिज हो सकते है कि डावोर्सग हो जाए तो डाइवोर्स्ड लेडी बाप की जायदइाद में से हिस्सा तो शादी करा के पहले ही खो बैठी, और ससुराल में उसे हक नहीं रहा क्योंकि उसके पति के यहां दूसरी बीबी आ गई । अगर बाप की जमीन में ही हक रहे तो लड़की को ज्यादा सेफ रहेगा क्योंकि बाप तो बाप ही है और बेटी बेटी ही हैक। दूसरी सूरत यह हो सकती है कि मुझे फर्ज करो इनलाज की प्रापर्टी में हिस्सा मिल गया और मैनें इलेक्शन लड़ लिया और उस प्रापर्टी को खत्म कर दिया, बाद में मेरी डैथर हो जाती है तो उस सूरत में जब आदमी की दूसरी षादी हों तो उसे कहां से प्रापर्टी मिलेगी। इसलिये यह कोई छोटी मोटी बात नही है। इसमें बहुत सोचने विचारने की

बातें है। जैसे मैंने पहले कहा है कि एक लडकी चाहे कहीं है, चाहे अनमैंरिड है, चाहे डाइवोर्सड हैं, वह बाप की लड़की ही है।

A daughter is always a daughtr. She xcan necer be rep[laxed. When a man dies he knows how many daughters he has got. But when a father-inlaw dies and succession opens it cannot be known as to how many daughters-in-law will come in the hous. His son may marry twice or thrice afther the death of first of the second wife.

एक डाटर –इन–ला का फेट चेंज हो सकता है। मान लिजिये एक डाटर–इन–ला ने प्रापर्टी बेच दी तो दूसरी अगर आयेगी तो उसका क्या होगा । तो इतनी क्म्पलीकेशन्ज है इस में कि इससे दिक्कतें ही पेश आयेगी और समस्या को हम सुलझा नहीं सकेंगे। मैंस्पीकर साहिब, कहती हू कि जो इन है रिटैन्स का जो कानून है इसमें A man follows the Property . It does not mean that the property will foloow a man. लेकिन जो आप कानून बनायेंगे इस में “Property will follow the man”It means sp long as a daughter is unmarried,property is hers but if she is married it passes on to her brotherइसलिये इस में बहुत सी डिफिकल्टीज नजर आतीह है। मैं मानती हू कि एग्रीकल्चरल लैंड के सिलसिलें में खास तरीके से अपोर्जीशन हैऔर उस की बुनियाद ँगमैंटेशन आफ होल्डिगं में ज्यादा समझती हॅ। सैंन्टीमेंटल बात मे। नही कहती , अगर भ्पााई और बहन कै ज्यार का ख्याल है तो कानून बदलने में से हस्बैंड ओर वाईफ के डिफेंस भी हो

सकते है। (The hon. Finance Minister was still on her legs when the House adjourned.)

Mr. Speaker – Order, please. The House stands adjourned till 9.30 A.M. tomorrow.

(The Sabha then adjourned till 9.30 A.M. on Friday, the 26th July, 1968)

Annexure

(Please see foot-note at page 23) of the debate dated 25th July, 1968 Vol. I – No. 8

From

Sh. P.N. Sahni, I.A.S.,

Director, Food and Supplies and

Joint Secretary to Government,

Haryana.

To

The Secretary,

Haryana Vidhan Sabha,

Chandigarh.

Dated Chandigarh, the 22nd August, 1968

Subject:- Starred Assembly Question No. 23 by Sh. Mangal Sein, M.L.A., regarding Maize Scandal Supplementary thereof.

Sir,

I am directed to invite your attention o the subject cited above and to say that during question hour on 25th July, 1968, after the P.W.M. had given his reply to the above

Starred Question, a supplementary question was asked by Sh. Mangal Sein, M.L.A., desiring to know the date on which the enquiry was stared by C.B.I. in the matter and the names of persons against whom the cases stood registered with the Government Railway Police. As the information was not readily available, the P.W.M. could not answer the supplementary question there and then. The required information has now been received from the office of the D.I.G., C.I.D., Haryana, and is given as under:-

(1) Date of enquiry by C.B.I. – 7th November, 1967.

(2) Following firms are involved in the four cases which stand registered with the Government Railway Police, Haryana:-

(i) Case FIR No. 44, dated 28th June, 1968 under section 7/10/55, Essential Commodities Act, G.R.P.S. Karnal:

1. M/s Rattan Lal Jai Lal Subash Mandi.
2. M/s Dulat Ram – Ram Krishan, Kurukshetra.
3. M/s Kali Ram – Jagdish Chander, Kurukshetra.
4. M/s Chela Ram – Ratti Ram, Kurukshetra.
5. M/s Thaneshwar Co-operative Society.
6. M/s Lachmi Narain – Rjainder Prashad.
7. M/s Data Ram – Ratti Ram, Kurukshetra.

8. M/s Sant Lal – Mam Chand, Kurukshetra.

9. M/s Ishwar Dyal Bansal & Sons, Kurukshetra.

10. M/s Shambhu Ram – Sat Narain, Kurukshetra.

11. M/s Bhagat Ram – Yog Dhian, Kurukshetra.

12. M/s Dharam Vir –Ram Sarup, Kurukshetra.

13. M/s Kapoor Chand – Lajja Ram, Kurukshetra.

14. M/s Madan Lal – Kastoori Lal, Kurukshetra.

15. M/s Lajja Ram – Jai Kishan Dass, Kurukshetra.

16. M/s Bal Kishan Dass – Raj, Kishan, Kurukshetra.

17. M/s Moti Ram – Rameshwar Dass, Kurukshetra.

18. M/s Sat Pal – Rakesh Kumar, Kurukshetra.

19. M/s Mirzapur Farm.

20. Ch. Randhir Singh, Kurukshetra.

21. M/s Arjan Dass – Ved Parkash, Pipli.

22. M/s Sunder Singh – Jamait Singh, Kurukshetra.

23. M/s Amar Lal – Bishanmber Lal, Kurukshetra.

24. M/s Ramji Dass – Ashok Kumar, Kurukshetra.

25. M/s Ratu Ram – Ishan Kumar, Pipli.

26. M/s Inder Ram – Rameshwar Dass, Pipli.

27. M/s Sudner Lal – Om Parkash, Kurukshetra.

28. M/s Ram Kumar – Jai Pal, Kurukshetra.

29. M/s Raja Ram – Babu Ram Ladwa.

30. M/s Om Parkash – Rajinder Pal, Kurukshetra.

31. M/s Prabhu Dayal – Banwari Lal, Ladwa.

32. M/s Amar Nath, Dharam Chand, Kurukshetra.

33. M/s Ram Prashad – Gita Ram, Kurukshetra.

34. M/s Rama Rice Mills, Kurukshetra.

35. M/s Paras Ram – Devi Sarup, Radaur.

(ii) Case F.I.R. No. 43, dated 18th June, 1968, under section 7/10/55, E.C. Act, G.R. Ps, Karnal.

1. M/s Prem Chand – Raghbir Singh of Kaithal.

2. M/s Satish Kumar – Balwant Rai, Kaithal.

3. M/s Ramji Lal – Lalu Ram, Kaithal.

4. M/s Ram Sarup – Raghu Nath Sahai, Kaithal.

5. M/s Devi Dayal – Khazan Mal, Kaithal.

6. M/s Lekh Raj – Chandgi Ram, Kaithal.

7. M/s Devi Ditta Mal – Bhagwan Dass, Kaithal.

8. M/s Daya Ram – Mangat Ram, Kaithal.

9. M/s Amar Nath – Raj Bhadur, Kaithal.

10. M/s Sant Lal – Shankar Lal, Kaithal.

11. M/s Matto Ram – Kishan Lal, Kaithal.

12. M/s Mastan Chand – Kukam Chand, Kaithal.

13. M/s Hari Chand – Jit Ram, Kaithal.

(iii) Case F.I.R. No. 45 dated 18th June, 1968, under section 7/10/55, E.C. Act, G.R.Ps. Karnal.

1. M/s Ram Sarup Gupta, Gharaunda.

2. M/s Devi Chand Gupta, Gharaunda.

3. M/s Joti Ram – Sunder Lal, Gharaunda.

(iv) Case F.I.R. No. 45, dated 19th June, 1968 under section 7/10/55 E.C. Act, G.R.P.S. Jind.

1. M/s Anant Ram – Maleri Ram, Safidon.

2. M/s Shiv Lal – Rattan Lal, Safidon.

Yours faithfully,

(Sd.)

Deputy Director General,

For Director, Food and Supplies,

Haryana